लोक शिक्षण संचालनालय
छत्तीसगढ़

खण्ड–3, प्रथम तल, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर, अटल नगर

दूरभाष क्रमांक– 0771 2331385, फैक्स–0771 2445215 ई-मेल cg.dpi.dir@gmail.com

क्र./सेजेस एडमिशन/2025-26/279 नवा रायपुर, दिनांक 24/03/2026

प्रति,

समस्त जिला शिक्षा अधिकारी
छत्तीसगढ़।

विषयः- स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालयों में प्रवेश विषयक।

--00--

विषयांतर्गत प्रदेश में **सत्र 2026-27** में 403 स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय तथा 348 स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय संचालित है। सत्र 2026-27 में प्रदेश के इन स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी/हिन्दी माध्यम विद्यालयों में प्रवेश की प्रक्रिया की जानी है।

समस्त विद्यालयों के लिए सत्र 2026-27 में छात्र-छात्राओं के **प्रवेश हेतु सेजेस पोर्टल दिनांक 10.04.2026 से प्रारंभ** कर दिया जावेगा। प्रवेश हेतु समयसारणी निम्नानुसार निर्धारित की जाती है:-

1. प्रवेश हेतु आवेदन तिथि - 10 अप्रैल से 05 मई 2026
2. अधिक आवेदन की स्थिति में लॉटरी के माध्यम से सीट आबंटन - 06 मई से 10 मई 2026
3. प्रवेश की अन्य आवश्यक कार्यवाही - 11 मई से 15 मई 2026

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम एवं हिन्दी माध्यम विद्यालय में प्रवेश हेतु निम्न निर्देशों का पालन करना सुनिश्चित करेंगे:-

1. इन विद्यालयों में प्रवेश हेतु आवेदन ऑनलाईन तथा ऑफलाईन दोनों माध्यमों से किया जा सकेगा।

2 .एक विद्यार्थी एक विद्यालय हेतु ही आवेदन कर सकेगा।

3. **"महतारी दुलार योजना"** अंतर्गत कोरोना महामारी के कारण अनाथ हुए बच्चों को विशेष प्राथमिकता से प्रवेश दिया जायेगा। प्रवेश हेतु आवेदन पत्र के साथ मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (CMO) द्वारा जारी पालक का मृत्यु प्रमाण पत्र संलग्न किया जाना अनिवार्य होगा।

4. **बी.पी.एल. एवं आर्थिक रूप से कमजोर पालकों** के बच्चों को कुल रिक्त सीट के **25 प्रतिशत सीटों** के विरूध्द प्रवेश दिया जायेगा। पालकों को सक्षम अधिकारी द्वारा जारी आय प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

5. कुल रिक्त पदों के 25 प्रतिशत सीटों पर आवेदक बच्चों का प्रवेश लॉटरी

सिस्टम से होगा अर्थात कम्प्यूटर के माध्यम से रेंडमली चयन किया जायेगा।

6. रिक्त सीट के विरूध्द अधिक पात्र आवेदक होने पर लॉटरी से चयन किया जायेगा।

7. स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय में पूर्व से अध्ययनरत् छात्रों को अगली कक्षा में प्रवेश हेतु आवेदन की आवश्यकता नहीं होगी।

8. सह शिक्षा वाले विद्यालयों में कुल रिक्त सीट का 50 प्रतिशत छात्राओं के लिए होगा। छात्राओं की पर्याप्त संख्या नही मिलने पर छात्रों से सीट भरी जा सकेगी।

9. स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालयों में विद्यालय की क्षमता अनुसार प्रवेश देने का अधिकार कलेक्टर की अध्यक्षता वाले सोसायटी को होगा।

10. स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालयों में कक्षा 6वीं एवं कक्षा 9वीं में प्रवेश सोसायटी के निर्णय अनुसार लिये जायेंगे।

11. स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में राज्य में पूर्व से चल रहे अंग्रेजी माध्यम के प्राथमिक तथा पूर्व माध्यमिक शालाओं के छात्र-छात्राओं को कक्षा 6वीं एवं कक्षा 9वीं में प्राथमिकता से प्रवेश दिया जाये।

12. स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में **कक्षा पहली में प्रवेश हेतु विद्यार्थी की आयु 31 मई 2026 की स्थिति में 5 वर्ष 6 माह से 6 वर्ष 6 माह के मध्य** होनी चाहिये।

संचालक
लोक शिक्षण छत्तीसगढ़

पृ. क्र./सेजेस एडमिशन/2025-26/280 नवा रायपुर, दिनांक 24/03/2026

1. प्रमुख सचिव, माननीय मुख्यमंत्री जी, छ.ग. शासन, मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर की ओर सूचनार्थ।

2. सचिव, छ.ग. शासन, स्कूल शिक्षा विभाग, मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर की ओर सूचनार्थ।

3. वरिष्ठ तकनीकी निदेशक, एन.आई.सी., मंत्रालय, महानदी भवन नवा रायपुर की ओर सेजेस पोर्टल एडमिशन प्रारंभ किये जाने हेतु सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही।

4. समस्त कलेक्टर/अध्यक्ष, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय, छत्तीसगढ़ की ओर सूचनार्थ ।

5. समस्त संयुक्त संचालक, शिक्षा संभाग छत्तीसगढ़ की ओर सूचनार्थ एवं समय-सीमा में आवश्यक कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करावें।

6. समस्त नोड़ल प्राचार्य, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय, समस्त जिला, छत्तीसगढ़ की ओर सूचनार्थ एवं पालनार्थ।

7. संस्था प्रमुख/प्राचार्य स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय छत्तीसगढ़ की ओर